BLOOM | BSO Bloom School Olympiad

कक्षा 8

# Bloom सामान्य ज्ञान ओलम्पियाड
# सैम्पल पेपर

अधिकतम समय : 60 मिनट | अधिकतम अंक : 60 अंक

## निर्देश

- इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न हैं।
- इस प्रश्न-पत्र को दो भाग में विभाजित किया गया है।
  **भाग-I** में 1 अंक के 40 प्रश्न
  **भाग-II** में 2 अंक के 10 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
- OMR शीट में अपने उत्तर चिह्नित करने के लिए HB पेंसिल या नीले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
- परीक्षा में किसी भी इलैक्ट्रॉनिक उपकरण (मोबाइल, कैलकुलेटर) का प्रयोग वर्जित है।

अनुक्रमांक

विद्यार्थी का नाम

# भाग-I (1 अंक)

**1.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष थे

(a) बदरुद्दीन तैयबजी
(b) अबुल कलाम आजाद
(c) बादशाह खान
(d) रहमत शेख

**2.** बंगाल विभाजन के खिलाफ संघर्ष किस नाम से जाना जाता है?

(a) खिलाफत आंदोलन
(b) स्वदेशी आंदोलन
(c) नमक आंदोलन
(d) भारत छोड़ो आंदोलन

**3.** असंगत को चुनिए।

(a) कोल विद्रोह—बुधो भगत
(b) संथाल विद्रोह—सिद्धू और कान्हू
(c) मुंडा विद्रोह—बिरसा मुंडा
(d) चेरो विद्रोह—मुकुंद राय

**4.** राजस्थान में 'भगत आंदोलन' किसके द्वारा प्रारंभ किया गया?

(a) स्वामी रामदेव
(b) स्वामी विवेकानंद
(c) रामकृष्ण परमहंस
(d) गोविंद गुरु

**5.** सत्यशोधक समाज की स्थापना किनके द्वारा की गई?

(a) मुमताज अली
(b) पेरियार
(c) ज्योतिराव फूले
(d) भीमराव अंबेडकर

**6.** प्रथम उर्दू उपन्यास कब से लिखे जाने प्रारम्भ हुए?

(a) सोलहवीं शताब्दी के अंत से
(b) सत्रहवीं शताब्दी के अंत से
(c) अठारहवीं शताब्दी के अंत से
(d) उन्नीसवीं शताब्दी के अंत से

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सी ठंडी धारा है?

(a) ब्राजीलियाई धारा
(b) गल्फ स्ट्रीम
(c) जापान धारा
(d) फॉकलैंड धारा

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रशांत महासागर की गर्म महासागरीय धारा है?

(a) क्यूरोशियो धारा
(b) हम्बोल्ट धारा
(c) कनारी धारा
(d) लेब्राडोर धारा

**9.** सबसे बड़ा बाँध : भाखड़ा नांगल :: सबसे लंबा बाँध : ?

(a) मेट्टूर बाँध
(b) हीराकुड बाँध
(c) टिहरी बाँध
(d) सरदार सरोवर बाँध

**10.** संसाधनों से संबंधित मूल्य हैं

(a) आर्थिक मूल्य
(b) सौंदर्य मूल्य
(c) कानूनी मूल्य
(d) नैतिक मूल्य

**11.** कोयला किस प्रकार के संसाधन का उदाहरण है?

(a) सर्वव्यापी
(b) स्थानीयकृत
(c) ‘a’ और ‘b’ दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**12.** भारत में निम्नलिखित प्राकृतिक वनस्पतियों में से कौन-सी सबसे प्रमुख है?

(a) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(b) अल्पाइन वन
(c) कँटीली झाड़ियाँ
(d) मैंग्रोव वन

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक विशेषताएँ जीवन के लिए सबसे उपयुक्त हैं?

(a) मैदान और नदी घाटियाँ
(b) रेगिस्तान
(c) झीलें और नदियाँ
(d) पर्वत

**14.** जिस देश की जनसंख्या वृद्धि दर उच्च नहीं है, वह है

(a) केन्या
(b) न्यूजीलैंड
(c) ब्राजील
(d) मिस्र

**15.** ‘मानव संसाधन विकास मंत्रालय’ भारत सरकार द्वारा किस वर्ष स्थापित किया गया था?

(a) 1955
(b) 1965
(c) 1975
(d) 1985

**16.** विश्व की दो सबसे महत्त्वपूर्ण मुख्य खाद्य फसलें हैं

(a) रागी और बाजरा
(b) चाय और कॉफी
(c) चावल और गेहूँ
(d) बाजरा और मक्का

**17.** .......... सर्दियों में उगाया जाता है। इसे वृद्धि के समय वर्षा की तथा फसल तैयार होने के समय तेज धूप की आवश्यकता होती है।

(a) चावल
(b) तरबूज
(c) गेहूँ
(d) बाजरा

**18.** भारत में प्रथम सफल आधुनिक कपड़ा मिल कहाँ स्थापित की गई थी?

(a) मुंबई
(b) कोलकाता
(c) चेन्नई
(d) दिल्ली

**19.** .......... संयुक्त राज्य अमेरिका का एक महत्त्वपूर्ण इस्पात शहर है।

(a) न्यूयॉर्क
(b) पिट्सबर्ग
(c) चेन्नई
(d) दिल्ली

**20.** ऑटोमोबाइल उत्सर्जन (Exhaust of automobiles) में कौन-सा तत्त्व विद्यमान रहता है?

(a) सीसा
(b) केल्शियम
(c) क्रोमियम
(d) मैनीशियम

**21.** मार्बल कैंसर की घटना किसके कारण होती है?

(a) मिट्टी के कण
(b) कोहरा
(c) सी. एफ. सी.
(d) अम्लीय वर्षा

**22.** वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में शामिल है

(a) कोयले और पेट्रोलियम का जलना
(b) वनीकरण
(c) वनों की कटाई
(d) कागज का पुनर्चक्रण

**23.** भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के अनुसार निम्नलिखित में से किसका निषेध है?

(a) मानव तस्करी
(b) जबरन श्रम
(c) 14 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा खतरनाक व्यवसाय में काम करना
(d) उपरोक्त सभी

**24.** स्वतंत्रता के अधिकार में शामिल है

(a) 14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम करने का अधिकार
(b) उच्च जाति और निम्न जाति के बीच भेदभाव करने का अधिकार
(c) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषता नहीं है?

(a) संघवाद
(b) धर्म निरपेक्षता
(c) शक्तियों का पृथक्करण
(d) सरकार का 'राष्ट्रपतिय' रूप

**26.** भारत की संसद ने संविधान की संसदीय प्रणाली को निम्नालिखित में से किस देश से अपनाया है?

(a) यू. एस. ए.
(b) यू. के.
(c) जापान
(d) फ्रांस

**27.** यदि कोई संसद सदस्य सदन की अनुमति के बिना .......... संसद से अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सीट को रिक्त घोषित किया जा सकता है।

(a) 60 दिनों तक
(b) 90 दिनों तक
(c) 100 दिनों तक
(d) 180 दिनों तक

**28.** वर्तमान में भारत में कितने उच्च न्यायालय हैं?

(a) 31
(b) 25
(c) 11
(d) 01

**29.** दीवानी कानून के तहत किस प्रकार के मामलों का निर्णय किया जाता है?

(a) तलाक
(b) किराए के मामले
(c) भूमि की बिक्री
(d) ये सभी


**30.** निम्न में से कितने भारतीयों को पुलित्जर पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया गया है?

(a) एक
(b) दो
(c) चार
(d) छः

**31.** राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (NIAM) कहाँ स्थित है?

(a) नई दिल्ली
(b) जयपुर
(c) हिसार
(d) भोपाल

**32.** क्षुद्रग्रह पट्टी सौरमंडल के किन दो ग्रहों के बीच उपस्थित है?



(a) बुद्ध और शुक्र
(b) शुक्र और पृथ्वी
(c) मंगल और बृहस्पति
(d) शनि और नेपच्यून

**33.** इसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर की-बोर्ड, कंप्यूटर डेस्क, कुर्सियों और अन्य चीजों के डिजाइन में आराम, दक्षता और सुरक्षा को शामिल करना है।

(a) अर्थशास्त्र
(b) एर्गोनॉमिक्स
(c) ज्यामिति
(d) इनमें से कोई नहीं

**34.** डाटा को सार्थक रूप में संसाधित किया जाता है

(a) इनपुट
(b) प्रक्रिया
(c) आउटपुट
(d) भंडारण

**35.** आर. एस. आई. (Rapidity Stress Injury, RSI) संबंधित है

(a) तेजी से सिस्टम एकीकरण से
(b) प्रतीकों और सूचनाओं को पढ़ने से
(c) तीव्र तनाव चोट से
(d) इनमें से कोई नहीं

**36.** निम्नलिखित में से किसकी सुरक्षा सी.आई.एस.एफ. द्वारा की जाती है?

(a) नियंत्रण रेखा की
(b) भारत-चीन सीमा की
(c) भारत-बांग्लादेश सीमा की
(d) सरकारी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं और सुविधाओं की

**37.** भारत के प्रथम परमाणु परीक्षण का कूट नाम क्या है?

(a) छगाई 1-1
(b) स्माइलिंग बुद्धा
(c) परियोजना 596
(d) शक्ति 1-1

**38.** भारत के प्रथम लोकपाल कौन थे?

(a) पिनाकी चंद्र घोष
(b) अभिलाषा कुमारी
(c) रंजन गोगोई
(d) दिलीप भोंसले

**39.** लक्ष्य सेन किस खेल से संबंधित है?

(a) बैडमिंटन
(b) हॉकी
(c) क्रिकेट
(d) फुटबॉल

**40.** ध्यानचन्द पुरस्कार किस क्षेत्र से संबंधित है?

(a) खेल
(b) विज्ञान
(c) कला
(d) साहित्य

## भाग-II (2 अंक)

**41.** निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सत्य कथन की पहचान कीजिए।

1. बढ़ती जनसंख्या मृदा अपरदन का कारण नहीं है।
2. वन और अन्य वनस्पतियाँ सतही अपवाह को कम करती हैं।
3. अधिकांश अफ्रीका और पूरा ऑस्ट्रेलिया ताजे पानी की आपूर्ति में कमी का सामना कर रहा है।

**कूट**

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) ये सभी

**42.** सुमेलित कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. सतपुड़ा | 1. मिट्टी के प्रारूप के मुख्य कारकों में से एक |
| B. पचमड़ी | 2. प्राकृतिक वनस्पति |
| C. मातृ चट्टान (पैरेंट रॉक) | 3. बायोस्फीयर रिज़र्व |
| D. पर्वतीय वन | 4. राष्ट्रीय उद्यान |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**43.** समुद्री वितरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जलवाष्प भी बढ़ती है।
2. जल घनत्व में अंतर महासागरीय धारा की उर्ध्वाधर गतिशीलता को प्रभावित करता है।
3. लवणता, तापमान और पानी का घनत्व आपस में संबंधित नहीं है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 2 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1 और 3

**44.** दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। नीचे दिए गए कूट के अनुसार उत्तर दे।

**अभिकथन** (A) सरकारिया आयोग ने सिफारिश की थी कि अनुच्छेद 356 का प्रयोग संयम से होना चाहिए।

**कारण** (R) वे राजनीतिक दल जिन्होंने केंद्र में सरकार बनाई, उन्होनें अनुच्छेद 356 का दुरूपयोग किया।

**कूट**

(a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सत्य है, किंतु R असत्य है।
(d) A असत्य है, किंतु R सत्य है।

**45.** सुमेलित कीजिए।

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| A. पवन | 1. पहला ज्वारीय ऊर्जा स्टेशन |
| B. कलपक्कम | 2. परमाणु ऊर्जा प्लांट |
| C. फ्रांस | 3. ऊर्जा का अटूट स्रोत |
| D. कच्छ की खाड़ी | 4. टाइडल मिल फार्म |
| | 5. दुनिया का सबसे बड़ा भू-तापीय बिजली उत्पादक संयंत्र। |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 | (d) | 3 | 2 | 1 | 5 |


**46.** निम्नलिखित कथनों को पढ़कर असत्य कथन की पहचान करें।

1. मिट्टी की अनुकूल स्थलाकृति और जलवायु कृषि के लिए महत्त्वपूर्ण है।
2. मत्स्य पालन और कृषि गतिविधियाँ प्रकृति में गौण हैं।
3. कॉफी को गर्म और नम जलवायु तथा अच्छी जल निकासी वाली दोमट मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती है।

**कूट**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) 2 और 3

**47.** दिए गए भारत के मानचित्र में 'A' द्वारा चिन्हित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नाम की पहचान कीजिए।



(a) राजीव गाँधी (b) छत्रपति शिवाजी

(c) राजा सांसी (d) गुवाहाटी

**48.** अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिन्हित दो कथन है। अपना उत्तर नीचे दिए कूट के अनुसार अंकित कीजिए।

**अभिकथन** (A) सामान्यतया एक संघीय देश में नागरिकों के पास दोहरी नागरिकता होती है। यद्यपि भारत एक संघीय देश है, भारतीय नागरिकों के पास एकल नागरिकता है।

**कारण** (R) विघटनकारी ताकतों पर अंकुश लगाकर राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा करने की दृष्टि से भारत एकल नागरिकता की नीति का अनुसरण करता रहा है।

**कूट**

(a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य है, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है, किंतु R असत्य है।

(d) A असत्य है, किंतु R सत्य है।

**49.** निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर व्यक्तित्व की पहचान कीजिए।

- वह एक भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक और स्वतंत्रता सेनानी थे।
- वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के पहले नेता थे। ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों ने उन्हें 'भारतीय अशांति का जनक' कहा।
- उन्हें 'लोकमान्य' की उपाधि से भी सम्मानित किया गया था, जिसका अर्थ है 'लोगों द्वारा अपने नेता के रूप में स्वीकार किया गया'।
- महात्मा गाँधी ने उन्हें 'आधुनिक भारत का निर्माता' कहा।

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

(c) लाल बहादुर शास्त्री (d) भगत सिंह

**50.** निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर व्यक्तित्व की पहचान कीजिए।

- वह एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, इन्होनें दूध के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान 'आनंद गुजरात के अमूल दुग्ध सहकारी समिति का समर्थन करके और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड बनाकर श्वेत क्रांति को बढ़ावा दिया।
- भारत के खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए, उन्होनें वर्ष 1965 में भारत में हरित क्रांति को भी बढ़ावा दिया।
- इससे खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई, विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश राज्यों में।

(a) लाल बहादुर शास्त्री
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) इंदिरा गाँधी
(d) जय प्रकाश नारायण

## OMR SHEET

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | b | c | d | 2 | a | b | c | d | 3 | a | b | c | d | 4 | a | b | c | d |
| 5 | a | b | c | d | 6 | a | b | c | d | 7 | a | b | c | d | 8 | a | b | c | d |
| 9 | a | b | c | d | 10 | a | b | c | d | 11 | a | b | c | d | 12 | a | b | c | d |
| 13 | a | b | c | d | 14 | a | b | c | d | 15 | a | b | c | d | 16 | a | b | c | d |
| 17 | a | b | c | d | 18 | a | b | c | d | 19 | a | b | c | d | 20 | a | b | c | d |
| 21 | a | b | c | d | 22 | a | b | c | d | 23 | a | b | c | d | 24 | a | b | c | d |
| 25 | a | b | c | d | 26 | a | b | c | d | 27 | a | b | c | d | 28 | a | b | c | d |
| 29 | a | b | c | d | 30 | a | b | c | d | 31 | a | b | c | d | 32 | a | b | c | d |
| 33 | a | b | c | d | 34 | a | b | c | d | 35 | a | b | c | d | 36 | a | b | c | d |
| 37 | a | b | c | d | 38 | a | b | c | d | 39 | a | b | c | d | 40 | a | b | c | d |
| 41 | a | b | c | d | 42 | a | b | c | d | 43 | a | b | c | d | 44 | a | b | c | d |
| 45 | a | b | c | d | 46 | a | b | c | d | 47 | a | b | c | d | 48 | a | b | c | d |
| 49 | a | b | c | d | 50 | a | b | c | d | | | | | | | | | | |

# उत्तर

**1.** (a) बदरुद्दीन तैयबजी
**2.** (b) स्वदेशी आंदोलन
**3.** (d) चेरो विद्रोह—मुकुंद राय
**4.** (d) गोविंद गुरु
**5.** (c) ज्योतिराव फूले
**6.** (d) उन्नीसवीं शताब्दी के अंत से।
**7.** (d) फॉकलैंड धारा
**8.** (a) क्यूरोशियो धारा
**9.** (b) हीराकुड बाँध
**10.** (a) आर्थिक मूल्य
**11.** (b) स्थानीयकृत
**12.** (a) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
**13.** (a) मैदान और नदी घाटियाँ
**14.** (b) न्यूजीलैंड
**15.** (d) 1985
**16.** (c) चावल और गेहूँ
**17.** (c) गेहूँ
**18.** (a) मुंबई
**19.** (b) पिट्सबर्ग
**20.** (a) सीसा
**21.** (d) अम्लीय वर्षा
**22.** (a) कोयले और पेट्रोलियम का जलना
**23.** (d) उपरोक्त सभी
**24.** (c) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
**25.** (d) सरकार का 'राष्ट्रपतिय' रूप
**26.** (b) यू. के.
**27.** (a) 60 दिनों तक
**28.** (b) 25
**29.** (d) ये सभी
**30.** (c) चार
**31.** (b) जयपुर
**32.** (c) मंगल और बृहस्पति
**33.** (b) एर्गोनॉमिक्स
**34.** (d) भंडारण
**35.** (c) तीव्र तनाव चोट से
**36.** (d) सरकारी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओ और सुविधाओं की
**37.** (b) स्माइलिंग बुद्धा
**38.** (a) पिनाकी चंद्र घोष
**39.** (a) बैडमिंटन
**40.** (a) खेल
**41.** (c) 2 और 3
**42.** (d) 4 3 1 2
**43.** (b) केवल 2
**44.** (a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
**45.** (d) 3 2 1 5
**46.** (d) 2 और 3
**47.** (b) छत्रपति शिवाजी
**48.** (a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
**49.** (a) बाल गंगाधर तिलक
**50.** (a) लाल बहादुर शास्त्री